छबिसमुद्र हरि रूप बिलोकी। एकटक रहे नयन पट रोकी।।
बिप्र जेवाँइ देहिं दिन दाना। सिव अभिषेक करहिं बिधि नाना।।
| Ram Katha 941 – मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya || ॐमोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 38 | इंदौर, मंगलवार 20 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# ...ये कैसा मौसम मई जैसी तपन

## शहरवासियों को सता रही चिंता, मौसम विभाग के दावे हुए हवा

अगस्त माह में मई जैसी तपन महसूस की जा रही है। हालात यह है कि रात में भी सुकून नहीं मिल रहा है और शहरवासी भीषण गर्मी और उमस से परेशान होकर बारिश को लेकर चिंता में नजर आ रहे हैं। उधर, बारिश को लेकर मौसम विभाग एक आस जरूर जगाता है और घोषणा की जाती है कि आज बारिश होने की संभावना है, लेकिन बादल छाने के बाद नाममात्र की बारिश यानि बूंदाबांदी से मौसम विभाग के दावे भी हवा होते नजर आते हैं।

@ DGR विशेष

**इंदौर**। फिलहाल तो पूरे प्रदेश में ही बारिश का लंबा ब्रेक नजर आ रहा है, लेकिन बीते जून और जुलाई माह में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश ने अपना असर दिखाया और मेघ जमकर बरसे। केवल इंदौर और उसके आसपास के इलाकों को छोड़ दिया जाए तो लगभग पूरे प्रदेश में ही बारिश अच्छी हुई और किसानों के चेहरों पर खुशियां छा गई।

दिन का पारा 31 और रात का 23 डिग्री से ज्यादा,

इंदौर में दो दिनों से मौसम पूरी तरह साफ है। इस दौरान बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई। मौसम खुले होने का असर यह रहा कि दो दिनों से गर्मी ज्यादा है। इसके साथ ही दिन और रात में पंखे की जरूरत अधिक लगने लगी। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में इंदौर संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश के आसार हैं। दिन का तापमान 31.6 (+3) डिग्री और रात का तापमान 23.6 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा रहा है।

सोमवार और रविवार को भी दिनभर गर्मी रही। इस दौरान दिन का तापमान 31.8 (+3) डिग्री और रात का तापमान 23.4 (+4) डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश दो दिनों से नहीं हुई जबकि इसके पहले 10 मिमी हुई थी। इस सीजन में करीब 17 इंच बारिश ही हुई है।



### लौटेगा बारिश का दौर

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम लो प्रेशर एरिया के रूप में बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। यह आगे बढ़ेगा। मानसून ट्रफ बीकानेर से सीधी होते हुए साइक्लोनिक सकुर्लेशन में मर्ज हो रही है। दूसरे सिस्टम भी एक्टिव हैं। इसके चलते मध्य प्रदेश में बारिश का दौर लौटेगा। इंदौर संभाग में मंगलवा को कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

### यहां भी यही हाल

उधर, उज्जैन की शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह का तापमान 21 मई को था,तब अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया था। ऐसे में फिर से उमस बढ़ गई है।

### रात में राहत, दिन में गर्मी

अलसुबह से लेकर सुबह 10 बजे तक ठंडी हवा चलने के कारण मौसम राहत देने वाला होता है लेकिन उसके बाद दिन भर तेज धूप से सामना होता है। अगस्त के आखिरी दिनों में फिर से अच्छी बारिश की उम्मीद लगाई जा रही है।

### अच्छी बारिश की उम्मीद

मौसम विज्ञान विभाग के वेदप्रकाशसिंह के अनुसार 24-25 अगस्त को एक सिस्टम सक्रिय हो रहा है,जो अपेक्षाकृत कमजोर है। इस दौरान मध्यम बारिश हो सकती है। इसी तरह 27-28 अगस्त को एक और सिस्टम सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है, जो मजबूत है। उसके प्रभाव से शहर और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश होने की उम्मीद लगाई जा रही है।

## बागेश्वर धाम के श्रद्धालुओं संग भीषण हादसा, 7 की मौत

◆ मुंडन के लिए यूपी से आया था परिवार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर में मंगलवार को बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। बागेश्वर धाम जा रहे श्रद्धालुओं के ऑटो ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी। दुर्घटना मैं 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 से ज्यादा गंभीर रूप से जखमी हैं। मृतकों मे बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। मारे गए और घायल सभी उत्तर प्रदेश के कानुपर के रहने वाले हैं। बच्ची के मुंडन के लिए सभी बागेश्वर धाम निकले थे।**

एनएच 39 पर कदारी के पास यह हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ। सभी श्रद्धालु एक ऑटो में सवार होकर बागेश्वर धाम जा रहे थे। UP95AT2421 नंबर के ऑटो ने ट्रक (PB13BB6479) में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था की 5 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो की अस्पताल में मौत हो गई। चार लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

हादसे का शिकार हुए लोग उत्तर प्रदेश के कानपुर से आए थे। बताया जा रहा है कि एक साल की बेटी का मुंडन कराने के लिए परिवार बागेश्वर धाम जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गए। जिस बच्ची का मुंडन था उसकी भी हादसे में मौत हो गई है। उसके पिता की भी जान चली गई जबकि दो बहनें और मां बुरी तरह जख्मी हैं।

माना जा रहा है ऑटो चालक को झपकी आने की वजह से वह सड़क किनारे खड़े ट्रक को देख नहीं पाया। तेज रफ्तार ऑटो ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि ऑटो में बैठे कई लोग बाहर सड़क पर जा गिरे।

## 12 लाख की उधारी नहीं चुकाने पर पर ठेकेदार की गला रेतकर हत्या, फिर 60 किमी दूर खेत में गाड़ दिया शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी। कटनी पुलिस ने दो दिन से लापता ठेकेदार का मामला सुलझा लिया है। उसकी हत्या कर दी गई और शव 60 किमी दूर खेत में मि्ला है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिसने 48 घंटे में मामले का पर्दाफाश किया है।**

कटनी जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र में जल जीवन मिशन के ठेकेदार की हत्या के मामले पर कटनी पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने बताया कि आरोपियों ने पहले एनकेजे थाना क्षेत्र के सुर्खी टैंक के पास ठेकेदार शिवरतन ठाकरे का गला रेतकर उसकी हत्या की फिर उसे दफन करने 60 किमी दूर बरही थानांतर्गत ग्राम उबरा ग्राम में अजीत गुप्ता के खेत ले गए। वहां ठेकेदार के शव को 4 फीट गहरे गड्ढे में दफन कर डाला। पुलिस ने करीब 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की शिनाख्त की और उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने पूछताछ में बताया कि मृतक ठेकेदार और आरोपी किशन तिवारी के बीच 12 लाख का लेन-देन था, लेकिन पैसे देने पर मृतक शिवरतन ठाकरे आनाकानी कर रहा था जिस आक्रोशित होकर आरोपी ने अपने साथी विवेक उर्फ राज तिवारी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी।

# 30 साल बाद देश में गृहयुद्ध की स्थिति : विजयवर्गीय

## देश में कुछ लोग अंग्रेजों का प्रतिनिधित्व कर रहे, हिंदू को मजबूत करना होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक बयान सामने आया है। मंत्री विजयवर्गीय ने एक सामाजिक समरसता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ दिन पहले एक मिलिट्री के रिटायर ऑफिसर के साथ बैठा था, उन्होंने कहा की 30 साल बाद देश के अंदर गृह युद्ध प्रारंभ हो जाएगा। जिस प्रकार से हमारे देश की डेमोग्राफी बदल रही है उस पर हमें विचार करना चाहिए।

हिंदू शब्द कैसे मजबूत हो इसके लिए हमें काम करना होगा। होली, दीपावली, राखी, भगवान परशुराम, महाराणा प्रताप हम सब के हैं। महाराणा प्रताप ने हिंदू समाज को बचाने के लिए मुगलों के सामने संघर्ष किया। देश के त्योहार सभी धर्म के त्योहार है, हमे हमारी सोच बदलना होगी। दरअसल रविवार को विजयवर्गीय



सामाजिक समरसता कार्यक्रम के दौरान हिंदू समाज और त्योहारों की चर्चा के दौरान बोल रहे थे।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को इंदौर में कहा हम देश के लिए राजनीति करते हैं। जब देश आगे बढ़ेगा तो 140 करोड़ लोग आगे बढ़ेंगे। पर कुछ लोग जाति के आधार पर हिंदू समाज को बाटना चाहते हैं।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रविवार को इंदौर में कहा हम देश के लिए राजनीति करते हैं। जब देश आगे बढ़ेगा तो 140 करोड़ लोग आगे बढ़ेंगे। पर कुछ लोग जाति के आधार पर हिंदू समाज को बाटना चाहते हैं।

देश में कुछ लोग अंग्रेजों का प्रतिनिधित्व कर रहे

विजयवर्गीय ने आगे कहा कि अंग्रेजों ने एक ही काम किया है फूट डालो और राज करो। अंग्रेज चले गए लेकिन देश में कुछ लोग ऐसे है जो अंग्रेजों का प्रतिनिधित्व करते हैं और फूट डालो और राज करो की नीति पर काम करते हैं। वो भी सिर्फ कुर्सी के लिए। उनको कुर्सी चाहिए।

आज के समय पर कुछ लोग समाज को जाति के आधार पर बांट रहे हैं। देश ताकतवर बने इसके लिए समाज को ताकतवर बनाना जरूरी है। समाज ताकतवर बने इसके लिए जातिवाद के बंधन से मुक्त होना पड़ेगा।

# इंदौर एयरपोर्ट पर डॉग-चूहे के बाद अब कबूतर घूमते दिखे

### पैसेंजर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीर, मैनेजमेंट ने मांगी माफी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चूहे और डॉग की तस्वीरों के बाद अब कबूतर घूमते नजर आए हैं। एक पैसेंजर ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जिसके बाद एयरपोर्ट मैनेजमेंट हरकत में आया और इस परिस्थिति के लिए माफी मांगी है। साथ ही मामला जल्द दिखवाने का दावा किया है।**

बता दें कि कबूतर से पहले इंदौर एयरपोर्ट पर डॉग घूमने फोटो वायरल हुआ था। कुछ दिनों पहले ही एक चूहा भी दिखाई दिया था, एक पैसेंजर ने ही इसकी तस्वीर सार्वजनिक की थी। शनिवार को यात्री सौम्य गुप्ता ने कबूतर का फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसका कैप्शन दिया- कबूतर यात्री..। इस फोटो पर एक अन्य यात्री ने लिखा कि ह्रवह यहां पर टैक्स चुकाने आया है। जिस पर पहले यात्री सौम्य ने फिर लिखा कि ह्रयहां पर वेब-चेक इन से ही प्रवेश मिलता है।

### एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने माफी मांगी

मामला बढ़ते देख एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने तुरंत जवाब दिया और असुविधा के लिए खेद प्रकट कर दिया। जल्द एक्शन लेने की बात भी कही है। गौरतलब है कि पक्षियों को रोकने के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन ने काफी इंतजाम किए हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन के पास पक्षियों को हटाने के लिए अलग से बजट होता है।

# राखी बांधना प्रेम की अभिव्यक्ति व वातसल्य का प्रतीक : मुनिश्री प्रमाण सागर

## रेसकोर्स रोड़ स्थित मोहता भवन में रक्षाबंधन पर्व मनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। राखी बांधना प्रेम की अभिव्यक्ति एवं वातसल्य का प्रतीक है। हमारे देश में धार्मिक, सामाजिक त्यौहार भी राष्ट्रीय पर्व के रूप मनाए जाते है। जिसके पीछे कोई न कोई संदेश छिपा होता है। रक्षाबंधन का पर्व मात्र बहन-भाई का पर्व ही नहीं है। यह धार्मिक, सामाजिक, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। जैन धर्म में इसे वात्सल्य पर्व के रूप में मनाया जाता है उक्त विचार आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य 108 मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने रेसकोर्स रोड़ स्थित मोहता भवन में सोमवार को रक्षाबंधन महापर्व के दौरान सभी श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने रक्षाबंधन महापर्व की पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि सांस्कृतिक दृष्टी से जैन परंपरा में विष्णु कुमार मुनि ने बटुक ब्राह्मण का भेष धारण कर अधर्मी राजा बलि से 700 मुनिराजों की आग से रक्षा कर उनको बचाया था। इसलिए श्रावकों में इस दिवस पर मुनिराजों को आहार देने पर विशेष रुझान रहता है। धर्मात्मा के अभाव में कभी धर्म नहीं पल सकता, इसलिए धर्मात्माओं की सुरक्षा के लिए सभी धर्म के लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने साधर्मी वातसल्य की बात करते हुए कहा कि आपत्ति से ग्रसित साधर्मी के प्रति सदैव सद्भाव की भावना के साथ सहयोग करना चाहिए।

धर्म प्रभावना समिति एवं प्रचार प्रमुख राहुल जैन (स्पोटर्स वर्ल्ड), हर्ष जैन, नवीन-आनंद गोधा एवं अविनाश जैन ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर प्रातःकाल सूर्य की प्रथम किरण के साथ भगवान का अभिषेक एवं 55 मिनट की वृहद महाशांतिधारा मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के मुखारविंद से संपन्न हुई एवं भगवान श्रेयांशनाथ स्वामी के मोक्षकल्याणक अवसर पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। धर्मप्रभावना समिति की ओर से भावनायोग के चित्र की रुपक राखी मुनिराजों को भेंट कर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अशोक-रानी दोषी, भरत मोदी, मनोज-अनामिका बाकलीवाल, धर्मेंद्र जैन, रितेश पाटनी, दिलीप गोदा, नीलेश वेद, कमल सिंघई उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मचारी अशोक भैया ने किया।

# श्रावणी उपाकर्म में मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि से गूंजता रहा श्रीविद्याधाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम का प्रांगण सोमवार को विद्वान आचार्यों के समवेत मंगलाचरण-मंत्रोच्चार एवं श्लोक-मंत्रो की मंगल ध्वनि से गूंजता रहा। श्रावणी उपाकर्म की तमाम विधियों में करीब 200 नए और 800 से अधिक पुराने साधकों ने लगभग पांच घंटों तक भाग लेकर नूतन यज्ञोपवीत धारण किए, बल्कि जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों के लिए प्रायश्चित, दिवंगतों के लिए तर्पण, देवताओं के लिए सप्तऋषि पूजन, नए वर्ष में नीति और मर्यादा के मार्ग पर चलने के लिए हेमाद्रि संकल्प जैसे शास्त्रोक्त प्रावधानों का पालन भी किया।

आश्रम के संस्थापक ब्रम्हलीन स्वामी श्री गिरिजानंद सरस्वती भगवन की प्रेरणा से महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में सुबह 10 बजे से मंगलाचरण एवं पवित्रीकरण के साथ श्रावणी उपाकर्म का श्रीगणेश हुआ। आश्रम ट्रस्ट के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, यदुनंदन माहेश्वरी, रमेश पसारी, राजेन्द्र महाजन, रमेश राठौर, सत्यनारायण शर्मा सहित श्री श्रीविद्याधाम परिवार के सदस्यों ने तीर्थस्थलों, नदियों और सूर्य देवता की प्रार्थना से उपाकर्म का शुभारंभ किया। पांच विद्वानों ने सबसे पहले दशविध स्नान की रस्म संपन्न कराई, जिसमें साधकों ने मिटटी, गोबर, भस्म, फल, दूध, पंचामृत, गोमूत्र, तीर्थजल एवं दुर्वा से स्नान किया। शरीर प्रक्षालन-शुद्धिकरण के बाद संध्या, सूर्य उपासना तथा तर्पण की क्रियाएं संपन्न हुई। देवों, ऋषियों, माता-पिता, मित्रों, सम्बंधियों सहित सभी दिवंगतों के साथ देश के लिए शहीद होने वाले सैनानियों के लिए भी तर्पण किया गया। प्रायश्चित कर्म और सप्तऋषि पूजन के बाद नए यज्ञोपवीत धारण किए गए। सग्रहमख गायत्री महायज्ञ एवं दान विधि के साथ इस दिव्य अनुष्ठान का समापन हुआ। स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद-वेदांग विद्यापीठ के लगभग 80 नए वेदपाठी बालकों ने पहली बार इस प्रक्रिया में उत्साह के साथ भाग लिया।

### भस्म आरती में शामिल हुए विजयवर्गीय एवं सैकड़ों भक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के तहत श्रावणी पूर्णिमा पर भस्म आरती का आयोजन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में सौल्लास संपन्न हुआ। सैकड़ों शिवभक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्मशान घाट से लाई गई भस्म से लगभग 3 घंटे तक चली इस पूजा एवं अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल, अजय खंडेलवाल एवं संदीप गोयल सहित सैकड़ों भक्तों ने महाआरती में भाग लिया। कांटाफोड़ मंदिर पर भस्म आरती का प्रावधान उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा पर किया जाता है। इसके पूर्व कल शाम मंदिर पर लगी बाबा केदारनाथ की झांकी के दर्शन के लिए विधायक गोलू शुक्ला की धर्मपत्नी भी मंदिर पहुंची और उन्होंने भी मंदिर स्थित सभी देवालयों में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश में सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# कैलाश सोनी को एस्थीट ऑफ लेंस माइस्ट्रो ग्रुप डिग्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वरिष्ठ छायाकार कैलाश सोनी के दो छायाचित्रों को हाल ही में निहारिका ऑल इंडिया डिजिटल कलर फोटो प्रतियोगिता 2024 में पुरस्कृत किया गया है। इस प्रतियोगिता में उनके स्पिरिचुअल एडवाइसर छायाचित्र को बेस्ट पोर्ट्रेट श्रेणी तथा अ परफेक्ट कम्पैनियन को एक्सेप्टेंस में चुना गया है। ये पुरस्कार उन्हें अहमदाबाद ललित कला परिसर में विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएँगे। इसके अलावा एक अन्य प्रतियोगिता ह्यथर्ड एलएमजी नेशनल डिजिटल सलून 2024 में उनके छायाचित्र मुद्रा के परे को ओपन कलर श्रेणी में एफआईपी रिबन से पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही उन्हें इसी वर्ष जेसीएम सर्किट 2024 प्रतियोगिता में तीन पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें कलर प्रिंट के लिए ई सर्टिफिकेट, मोनो प्रिंट के लिए एफआईपी रिबन तथा जेसीएम सिल्वर शामिल थे। सेकंड ग्लोबल फोटोग्राफी फाउंडेशन नेशनल सलून 2024 द्वारा सलून डिप्लोमा पोर्ट्रेट, एट्थ एफआईपी नेशनल डिजिटल सर्किट 2024 द्वारा एफआईपी रिबन, फोटोग्राफी सोसाइटी ऑफ अमेरिका द्वारा क्यूपीएसए पुरस्कार भी उन्हें इसी वर्ष प्रदान किए गए।

कुछ ही दिन पहले उन्हें लेंस माइस्ट्रो के संस्थापक गुरुदास दुआ द्वारा ह्यएस्थीट ऑफ लेंस माइस्ट्रो ग्रुप की महत्वपूर्ण डिग्री भी प्रदान की गई। पिक्टोरियल कैटेगरी में चुने गए उनके पोर्टफोलियो ह्यरेजिलिएंट ब्लिस पर अपनी टिप्पणी देते हुए संस्था ने कहा, ये छायाचित्र मालवा के ग्रामीण परिवेश को दर्शाते हैं जिनमें महसूस किया जा सकता है कि ये समुदाय किस तरह जमीन से गहरे तक जुड़े हुए हैं। उनकी मासूमियत उन चुनौतियों को छिपा लेती है जिनसे ये परिवार जूझते रहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद उनके मन प्रफुल्लित रहते हैं, एक ऐसे समुदाय के तानेबाने में गुँथे हुए जो साधारण क्षणों में खुशी ढूँढ लेता है और सामूहिक प्रयासों में मजबूत होता है।

### तीन दिवसीय मेगा योग शिविर 23 से 25 तक

इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेली देवी योग केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शहर का 15वां नियमित योग केन्द्र क्लर्क कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर के पास, जैन मंदिर के पीछे, समर्थ रामदास सेवा मंडल परिसर में प्रारंभ होगा। इसके पूर्व 23 से 25 अगस्त तक तीन दिवसीय मेगा योग शिविर का आयोजन भी इसी स्थान पर किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 7 से साढ़ 8 बजे तक रहेगा। समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से अब तक 14 स्थानों पर निशुल्क योग केन्द्रों की स्थापना बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र के सहयोग से हो चुकी है। इन सभी स्थानों पर निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन चल रही हैं।

# जेल में बहनों ने भाइयों को बांधा रक्षासूत्र

## जेल प्रबंधन ने की थी विशेष व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रक्षाबंधन का पर्व जेल के अंदर भी हर्षउल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर जेल के अंदर बंद कैदियों को उनकी बहनें रक्षासूत्र बांधने पहुंची। जब भाई बहन का मिलाप हुआ तो दोनों की आंखों से आंसू छलक उठे। यह देख वहां मौजूद जेल अफसरों की आंखे भी भर आई।**



रक्षाबंधन पर जेल प्रशासन ने जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांधने आने वाली बहनों के लिए खाश इंतजाम किए थे। इसके लिए जंहा सुरक्षा के पु ता इंतजाम थे तो वहीं अंदर हाल में विशेष व्यवस्था की गई थी। सेंट्रल जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर जेल में बंद कैदियों की कलाई सुनी ना रहें इसके लिए जेल प्रबंधन द्वारा शासकीय अवकाश होने के बाद भी जेलों में बहनों की विशेष मुलाकात का प्रबंध किया जाता है और इस मौके पर केवल बहनों को ही जेल के अंदर प्रवेश दिया जाता है ताकि वह अपने भाईयों को राखी बांध सकें। श्रीमती सोनकर ने बताया कि सेंट्रल जेल मे दो हजार से अधिक कैदी विभिन्न मामलों में बंद हैं। रक्षाबंधन पर हिंदू-मुस्लिम सभी बंदियों की बहनें उन्हें राखी बांधने पहुंची थी। इस दौरान विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। ताकि बहनें भाई से आसानी से मिलकर उन्हें रक्षासूत्र बांध सकें। डेढ हजार से अधिक बहनें अपने भाईयों को जेल की चाहरदिवारी के अंदर रक्षा सूत्र बांधने पहुंची थी। इस दौरान मिठाई की व्यवस्था कैंटीन के माध्यम से की गई थी वहीं थाली और कुंकक् जेल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। वैसे आम दिनों में जाली से ही बंदी फोन के माध्यम से अपने परिजनों से बातचीत करते हैं। रक्षाबंधन पर ही केवल ऐसा होता है जब कैदियों की बहनों को जेल के अंदर प्रवेश दिया जाता है। इसलिए इस दिन का जंहा कैदियों को इंतजार तो रहता है वहीं भाई से मिलने को लेकर बहनें 'यादा लालायित रहती हैं। जेल अधीक्षक अलका सोनकर का कहना है कि यह आयोजन हर किसी को भवुक कर देता है। बहन भाई मिलते हैं तो आंसू टपक जाते हैं। वहीं हम भी इंसान हैं,ऐसे में हमारी गला भी ये दृश्य देखकर भर जाता है। उन्होंने कहा कि पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। इस दौरान कैदियों के परिजनों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। वहीं पुलिस का भी सहयोग हमें मिला। इसी तरह जिला जेल में भी रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।

# सूने मकानों को चोरों ने बनाया निशाना
## ले उड़े आभूषण व नगदी, प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गांधीनगर में सरकारी महिला कर्मचारी के यहां चोरी की वारदात हो गई। वह अपने परिवार के साथ सुंदर कांड में शामिल होने अपने ससुराल हीरा नगर इलाके में गई थी। वापस आई तो आभूषण और अन्य सामान गायब मिला। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर है। वही छिंदवाड़ा गए परिवार के घर भी चोरी की वारदात हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।**



गांधी नगर थाना प्रभारी अनिल यादव के मुताबिक राज दुलारी परिहार निवासी सिंगापुर लाइफ स्टाइल बुडानिया रोड की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। राज दुलारी ने पुलिस को बताया कि वह सरकारी नौकरी करती है। यहां पर माता-पिता और बच्ची के साथ रहती है। शनिवार को गौरी नगर स्थित ससुराल में सुंदर कांड का प्रोग्राम था। रात को करीब 2 बजे वापस आना हुआ। तब मेन गेट का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी से सोने की चेन, सोने की लटकन, सोने की बालियां, सोने की अंगूठियां,चांदी के जेवर और अन्य सामान गायब था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आसपास के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं राजेन्द्र नगर थाने में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पीथमपुर में रहने वाले रंजीत राउत ने चोरी का केस दर्ज कराया है। राउत ने बताया कि उनके जीजा कमलेश जवाहर नगर स्कीम नंबर 97 में किराए से रहते हैं। वह जरूरी काम से छिंदवाड़ा गए हैं। उनके मकान मालिक ने उन्हें कॉल कर चोरी की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने साले रंजीत से घर जाने के लिए कहा। वे पहुंचे तो बाहर बरामदे में खड़ी उनकी बाइक नहीं थी। वही अंदर से होम थिएटर, गैस की दो टंकियां, गृहस्थी का सामान भी गायब था। जीजा से बात की तो उन्हें आभूषण के मामले में बहन को जानकारी होने की बात कही। जिसकी जानकारी अलग से देने की बात कही है। चंदन नगर में भी मोह मद साकिब खान के यहां चोरी की वारदात हो गई। वह रसोई बनाने का काम करते हैं। बदमाश ने नंदन नगर में उनके घर से सोने की कान की बालियां, चांदी के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। साकिब ने बताया कि वह अपने परिवार को लेकर भांजी के यहां प्रोग्राम में गए थे। दूसरे दिन सुबह वापस लौटने पर चोरी की

# पेंटर ने कर ली आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक युवक ने सुसाइड कर लिया। परिवार ने बताया कि छोटा बेटा अपनी बहन को राखी का न्यौता देने जा रहा था। फिर करीब आधे घंटे तक कमरे से बाहर नहीं आया। उसके बडे भाई ने देखा तो वह फंदे पर लटके मिला। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

आजाद नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक श्याम चरण शुक्ल नगर में रहने वाले मनीष (25) पुत्र छोटेलाल वानखेड़े ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। उसने कमरे में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने बताया कि मनीष शाम को घर पर आया। परिवार में बहनों को राखी के लिए मायके की रस्म होती है। एक दिन पहले बहन के घर पर भाई का भोजन (वीरपोस) भी होता है। बड़े भाई आशीष ने छोटे मनीष से कहा कि साथ में चलना है। इस पर मनीष कुछ देर में आने का कहकर कमरे में चला गया और वापस नही आया। इसके बाद आशीष कमरे में देखने गया तो वह फंदे पर लटके मिला। परिवार ने बताया कि मनीष पेंटरी का काम करता था। वह सुबह ही काम पर चला जाता था। उसकी किसी से कोई बात या विवाद नहीं था। प्रेम प्रसंग की बात से भी परिवार ने इंकार किया है। पुलिस को घटना स्थल से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# 30 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित

**इंदौर।** जनविकास संस्था के द्वारा आश्रम परिसर में दिव्यांग परियोजना की शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में इंदौर धर्म प्रांत के अध्यक्ष बिशप थॉमस, फादर पॉल राज मैथ्यू एस वी डी प्रोविंशियल ,डीएसपी प्रीति तिवारी मैडम नारकोटिक्स विभाग , श्रीमती रोशनी जोसेफ इंदौर रोटरी रोटरी क्लब इंदौर आदर्श के अध्यक्ष एवं अक्षत तिवारी सर तथा जनविकास संस्था के निर्देशक फादर शिनोज जोसेफ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस शुभारंभ के अवसर पर जन विकास सोसायटी एवं रोटरी क्लब इंदौर आदर्श के सहयोग से 30 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर वितरित की गई ।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

# सराफा में युवती के साथ छेड़छाड़

## विरोध करने पर आरोपी ने की की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राखी के त्योहार पर खरीदारी करने अपनी मां के साथ पहुंची एक युवती पर एक युवक ने भीड़ में टू-व्हीलर चढा दी। उसे टोका,तो युवती से मारपीट कर दी। बीच मार्केट में कपड़े खींच कर गलत तरीके से टच किया। इस मामले में पुलिस ने युवक के साथ उसकी मदद करने पहुंची दो महिलाओं को भी आरोपी बनाया है।**

सराफा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बाणगंगा इलाके में रहने वाली एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने संदेही क्रिश चौहान और उसकी दो साथी महिलाओं पर गाड़ी से टक्कर मारने, मारपीट करने और छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। पीड़िता अपनी देवरानी और बेटी को लेकर मार्केट में खरीदारी करने आई थी। इस दौरान वह अटाला बाजार वाली गली में थी। तब एक युवक वहां स्कूटी से निकला। उसने महिला की बेटी के पैर पर स्कूटी का पहिया चढा दिया। उसे रुकने के लिए कहा तो वह बदतमीजी करने लगा। बेटी ने उससे कहा कि गलती करने के बाद भी बदतमीजी कर रहे हो, तो उसने बेटी के कुर्ते की कॉलर पकड़ी और उसे अपनी तरफ खींचा। इसके बाद उसने गलत तरीके से बेटी को टच किया।इस दौरान बेटी उसे हटाने लगी तो मारपीट करने लगा। उसकी मदद के लिए दो महिलाएं भी वहां पहुंची। उसने युवती और उसकी मां के साथ मारपीट की। बाद में देवरानी और अन्य लोगों ने बचाव किया।

# 250 से अधिक साधकों ने धारण किए नए यज्ञोपवीत

इंदौर। एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावणी उपाकर्म अनुष्ठान में सोमवार को महामंडलेश्वर स्वामी पवनदास महाराज के सानिध्य में 250 से अधिक साधकों ने भाग लेकर आचार्य पं. विनायक पांडे के निर्देशन में नए यज्ञोपवीत धारण किए। परशुराम महासभा, परशुराम सेना एवं हंसदास मंठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अनुष्ठान में हंसदास मठ संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी भाग लिया। मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर परशुराम महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा, कैलाश गोलाना, अनूप शुक्ला, दीपक शुक्ला, राजेश दुबे, पं. लीलाधर शर्मा, पं. कैलाश पाराशर, पं. आदित्य पाराशर आदि ने अपने साथियों सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# उज्जैन से चलेगा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग

## सीएम ने किया ऑफिस का उद्घाटन, कहा- मंदिरों का बेहतर प्रबंधन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में पहली बार संचालनालय धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भोपाल के बजाय उज्जैन से संचालित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कार्यालय का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए इससे फायदा होगा। प्रदेश के मंदिरों का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।**

सीएम दोपहर करीब 2 बजे उज्जैन में कोठी रोड स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने नारियल फोड़कर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान संभागायुक्त और संचालक धर्मस्व विभाग समेत कई अफसर मौजूद रहे। बता दें कि संचालक मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का कार्यालय भी उज्जैन से ही संचालित होगा। फिलहाल, विभाग का सालाना बजट 115 करोड़ रुपए है।

### 2 मीटिंग हॉल, 8 रूम और लॉबी

ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर कार्यालय बनाया गया है, जिसमें 2 मीटिंग हाल, 8 रूम और लॉबी भी है। इसमें संचालक के पद पर उज्जैन संभाग के संभाग आयुक्त संजय गुप्ता, संयुक्त संचालक एक, उप संचालक एक, दो सहायक संचालक, सहायक यंत्री एक, लेखा अधिकारी एक, अधीक्षक एक, उपयंत्री, सहायक ग्रेड 1 अधिकारी एक, सहायक ग्रेड 2 एक पद, सहायक ग्रेड 3 के दो पद, स्टेनो एक, टाइपिंग स्टेनो एक, ऑपरेटर एक और प्यून 6 का पद है। इस तरह कुल 22 अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं।

### नए कार्यालय में प्रदेश के बड़े मंदिरों के फोटो लगेंगे

कार्यालय में प्रदेश के बड़े मंदिरों के फोटो लगाए जाएंगे। इसमें कई धार्मिक किताबें भी उपलब्ध होंगी। संचालक के पद पर संजय गुप्ता ने 18 जुलाई को पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने चिंतामण गणेश मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर और भतृहरि गुफा का दौरा कर सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत मंदिरों का थीम बेस्ड हेरिटेज डेवलपमेंट की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

### 2 नए थाने, महाकाल लोक और तपोभूमि बनाने की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में 2 नए थाने महाकाल लोक और तपोभूमि बनाए जाने की घोषणा की है। महाकाल मंदिर की सुरक्षा के लिए अब होमगार्ड की सेवाएं ली जाएंगी। करीब 400 से 600 से होमगार्ड जवान सुरक्षा में लगाए जाएंगे।

### ये बड़े मंदिर समिति मंडल और संस्था कार्यालय के अधीन

1. श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन
2. सलकनपुर देवी मंदिर
3. शारदा देवी मंदिर मैहर
4. श्री गणपति मंदिर खजराना इंदौर
5. भूतपूर्व भोपाल रियासत का मंदिर भोपाल
6. लक्ष्मण बाग समिति रीवा
7. मंडलेश्वर जिला खरगोन
8. पशुपति नाथ मंदिर मंदसौर
9. ग्वारी घाट जबलपुर
10. बरमान नरसिंहपुर
11. कुण्डलपुर दमोह
12. जोगेश्वर नाथ दमोह

# महिला बोली- मंत्री की भतीजी हूं... लेडी डॉक्टर को पीटा

## बस में सीट को लेकर विवाद, अंगुली में फ्रैक्चर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)।** गुना-ब्यावरा के बीच बस में सीट को लेकर इंदौर की लेडी जूनियर डॉक्टर से मारपीट हो गई। महिला और उसके पति से डॉक्टर की बहस हुई थी। नौबत मारपीट तक पहुंच गई, जिसमें उसकी अंगुली में फ्रैक्चर हो गया है। पीड़ित डॉक्टर रविवार रात रक्षाबंधन मनाने बस से अपने घर ग्वालियर जा रही थी। इसी दौरान विवाद हो गया।

मारपीट करने वाली महिला ने खुद को मंत्री की भतीजी बताया और पति के साथ उसे धमकाते हुए चली गई। जूनियर डॉक्टर ने ग्वालियर के झांसी रोड थाने में केस शिकायत की है। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज की मेडिकल छात्रा डॉ दीप्ति वर्मा जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की उपाध्यक्ष भी है।

### महिला ने खुद को बताया मंत्री की भतीजी

रविवार को डॉक्टर दीप्ति वर्मा इंदौर से वॉल्वो बस में सवार हुई थीं। वहां सीट को लेकर उसकी साथी महिला यात्री से कहासुनी हो गई। महिला ने खुद को मुरैना के एक मंत्री की भतीजी बताते हुए दीप्ति से मारपीट कर दी। हंगामा बढ़ा, तो महिला ने परिजन को इसकी सूचना दे दी।

### गुना-ब्यावरा के पास बस से उतरकर चली गई महिला

महिला को लेने उसका पति गुना-ब्यावरा के बीच हाइवे पर पहुंचा और बस रुकवा कर अपनी पत्नी को कार से ले गया। महिला के पति ने अपना नाम बलवीर सिंह बताया। वह भी डॉक्टर दीप्ति को धमका रहा था, कि जिसे जो कहना हो कह देना और मेरा नाम बता देना।

### डॉक्टर ने झांसी रोड थाने में की शिकायत

डॉक्टर दीप्ति ने ग्वालियर-झांसी रोड पर उतरने के बाद तत्काल मामले की शिकायत झांसी रोड थाना पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने उसका मेडिकल कराया, जिसमें उसकी उंगली में फ्रैक्चर पाया गया है। झांसी रोड थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत को हमने जांच में ले लिया है। कार्रवाई के लिए गुना-ब्यावरा पुलिस को भेजा जाएगा।

## एनसीएलअफसरों के ठिकानों पर सीबीआई छापेमारी

# पर्सनल सेक्रेटरी के घर मिले 3.85 करोड़ नकद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, (एजेंसी)। एनसीएल नार्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड में अधिकारियों और सप्लायर के खिलाफ चल रही सीबीआई कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। शनिवार और रविवार को कार्रवाई में मिले तथ्यों के आधार पर सीबीआई की टीम ने सोमवार को भी एनसीएल के कुछ अफसरों के ठिकानों पर छापेमारी की।**

इन अफसरों के घरों में भी नकदी-आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की खोजबीन जारी है। शनिवार और रविवार को एनसीएल के अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि सोमवार को भी सीबीआई की टीम एनसीएल के कुछ अन्य नामचीन अधिकारियों के यहां पहुंच सकती है।

### सुबह 6 बजे पहुंच गई सीबीआई टीम

सोमवार सुबह 6 बजे से ही सीबीआई की टीम एनसीएल के निदेशक तकनीक योजना एवं परियोजना सुनील प्रसाद और मुख्य सुरक्षा अधिकारी रवींद्र प्रसाद के यहां जा पहुंची। बताया जाता है कि रवींद्र प्रसाद अपने घर से गायब मिले। इसके बाद स्थानीय पुलिस टीम को उनके घर पर तैनात कर दिया गया है, जिसे सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी व्यक्ति सीवीओ बंगले में प्रवेश नहीं करे। वहीं निर्देशक सुनील प्रसाद के घर 3 सदस्य टीम पहुंचकर छानबीन में जुटी रही। यह छापेमारी दिल्ली से पहुंची सीबीआई की विशेष टीम द्वारा की जा रही है, जिसका नेतृत्व एडिशनल एसपी मुकेश कुमार कर रहे हैं।

### अब तक बरामद हुई 4 करोड़ की नकदी

सीबीआई की ओर से दी गई अधिकृत जानकारी के अनुसार, छापेमारी में एनसीएल के अधिकारियों से लगभग 4 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है। इसे जब्त करने के बाद सीबीआई ने एनसीएल के प्रबंधक (सचिवालय) और सीएमडी के पीएस सूबेदार ओझा को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई के अनुसार, शनिवार 17 अगस्त को की गई तलाशी के दौरान ओझा के आवास से 3.85 करोड़ नकद मिले। यह राशि कई ठेकेदारों और अधिकारियों से एकत्र की गई थी। सीबीआई ने मेसर्स संगम इंजीनियरिंग, सिंगरौली के संचालक रविशंकर सिंह को भी गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर विभिन्न ठेकेदारों और व्यवसायियों तथा एनसीएल के कई अधिकारियों के बीच दलाल की भूमिका में कार्य कर रहा था।

# ओंकारेश्वर में कार से 4 लाख की चोरी

## ◆ कांच तोड़कर वारदात की, राजस्थान से आए थे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में एक श्रद्धालु के साथ अब तक की सबसे बड़ी चोरी हुई है। राजस्थान से आए श्रद्धालु की क्रेटा कार से सवा लाख नकदी और 4 तोला सोना चोरी हो गया है। उन्होंने प्रसादालय के पास डैम रोड पर कार पार्क की थी। वे ज्योतिर्लिंग दर्शन करने गए, इतनी देर में घात लगाए बदमाश ने कार का शीशा तोड़कर वारदात कर दी। घटना रविवार सुबह की है।**

राजस्थान के उदयपुर निवासी अरविंद सिंह चुंडावत ने मांधाता पुलिस से शिकायत की। बताया कि वे लोग सुबह 7 बजे ओंकारेश्वर पहुंच गए थे। दर्शन की जल्दबाजी में कार को प्रसादालय के पास मेन रोड पर खड़ी कर दी थी। साथ में परिवार की महिलाएं भी थी, जिन्होंने अपना पर्स और ज्वेलरी कार की सीट पर रख दी थी। किसी बदमाश ने ड्राइवर साइड वाला कांच तोड़कर सोना और नकदी चोरी कर ली।

चोरी हुए सामान में एक पीला कलर का लेडीस पर्स, जिसमें दो सोने की अंगूठी, दो सोने के कान के झुमके थे, इस तरह चार तोले का सोना था। कीमत 3 लाख रुपए है। एक लाख 5 हजार रुपए नकद राशि थी। इनके अलावा एक मोबाइल, लेडीस पर्स, दो डेबिट कार्ड, तीन आधार कार्ड, एक पेनकार्ड, एक वोटर आईडी था।

इधर, मांधाता पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना को कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज ओंकारेश्वर में पुलिस फोर्स तैनात हैं। इसके बाद भी मेन रोड़ पर कार का ग्लास तोड़कर वारदात हो जाती हैं।

# टॉपर ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, (एजेंसी)।** रीवा के त्योंथर थाना अंतर्गत चुनरी गांव में 22 वर्षीय युवती ने घर के भीतर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवती 2020 में 12वीं की टॉपर रह चुकी है। जानकारी के मुताबिक परिवार के अन्य सदस्य घर के दूसरे कमरे में थे। जब बेटी खुशी सिंह के कमरे में गए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

युवती ने रविवार देर रात आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी घर के सदस्यों को सोमवार सुबह हुई। युवती ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया,अभी तक इसका पता नहीं लग पाया है। जहां पुलिस मामले कि जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद परिवार में रक्षाबंधन की खुशियां मातम में तब्दील हो गई।

पुलिस के मुताबिक युवती ने आत्महत्या क्यों की। अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकी है। फिलहाल हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। खुशी सिंह एमपी बोर्ड 2020 की टॉपर रही हैं। जिन्होंने 2020 में 12वीं के एमपी बोर्ड की परीक्षा में 500 में से 486 अंक प्राप्त किए थे।

# छात्रा से अश्लील व्यवहार करने वाला शिक्षक निलंबित

## सागर में अभिभावक और ग्रामीणों में रोष

**सागर, (एजेंसी)।** सागर के शासकीय एकीकृत पूर्व कन्या माध्यमिक शाला खुरई में पदस्थ सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने यह कार्रवाई की है। जारी आदेश में बताया गया कि जांच प्रतिवेदन के अनुसार सहायक शिक्षक सुपार्श्व कुमार जैन शासकीय एकीकृत पूर्व कन्या माध्यमिक शाला खुरई के द्वारा संस्था की छात्रा के साथ अश्लील व्यवहार किया गया। उक्त घटना के कारण छात्र, अभिभावकों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। संबंधित शिक्षक प्रथम दृष्टया दोषी प्रतीत होते हैं। सहायक शिक्षक सुपार्श्व कुमार जैन को नैतिक पतन, गंभीर कदाचरण होने के साथ सिविल सेवा अधिनियम का उल्लंघन करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

## संपादकीय

# आतंकी घटनाओं में नहीं आ रही कमी


आतंकवाद किसी भी देश की तरक्की में बहुत बड़ी बाधा है। इससे पार पाने के लिए कड़े कदम और व्यावहारिक रणनीति की जरूरत होती है। मगर तमाम दावों और सख्ती के बावजूद अगर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की जड़ें पूरी तरह नष्ट नहीं हो पा रहीं, तो इसके पीछे व्यवस्थागत कमजोरियां ही बड़ी वजह हैं। पिछले दस वर्षों से घाटी में आतंकवाद को खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं। इसके लिए सुरक्षाबलों को चौकस किया गया है, सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम कसी गई है, राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया। मगर वहां आतंकी घटनाओं में पहले की तुलना में कोई उल्लेखनीय कमी दर्ज नहीं हो पा रही। थोड़े-थोड़े दिनों पर दहशतगर्द घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला कर देते हैं। इस तरह पिछले दस वर्षों में सैकड़ों जवान, फौजी अफसर और आम नागरिक मारे जा चुके हैं। जम्मू के डोडा में तलाशी अभियान के दौरान एक फौजी अफसर की शहादत उसी की एक कड़ी है। बताया जा रहा है कि वहां तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई और गोली लगने से सैन्य टुकड़ी की अगुआई कर रहा अफसर शहीद हो गया। पिछले महीने भी डोडा में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में चार जवान और एक सैन्य अधिकारी शहीद हो गए थे। जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद दावा किया गया था कि वहां आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। बीच-बीच में आंकड़े भी दिए जाते रहे कि अब घाटी में आतंकी गतिविधियां काफी कम हो गई हैं और आतंकी कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। मगर हकीकत यह है कि शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकी घात लगा कर हमला नहीं करते। वे थोड़े-थोड़े समय पर अपनी रणनीति बदलते और सुरक्षाबलों का ध्यान भटकाने का प्रयास भी करते रहते हैं। अब उन इलाकों में भी दहशतगर्दों की मौजूदगी दर्ज होने लगी है, जहां पहले प्रायः शांति हुआ करती थी। सरकार का दावा है कि आतंकियों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसा जा चुका है। सड़क के रास्ते पाकिस्तान से होने वाली तिजारत पहले ही रोक दी गई थी, जिससे सीमा पार से आने वाले हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति पर रोक लगने का दावा किया जाता है। सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें भी काफी हद तक नाकाम कर दी जाती हैं। फिर भी घाटी में दहशतगर्दों के पास साजो-सामान और वित्तीय मदद पहुंच जा रही है और वे लगातार सक्रिय हैं, तो इसकी क्या वजहें हैं, जानने का प्रयास होना ही चाहिए। दहशतगर्दी पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों का भरोसा जीतना जरूरी उपाय माना जाता रहा है। मगर वास्तविकता यह है कि स्थानीय लोगों में पिछले वर्षों में नाराजगी बढ़ी है। स्थानीय युवा हथियार उठाने लगे हैं। इस तरह बाहर के प्रशिक्षित आतंकियों के बजाय स्थानीय स्तर पर ही दहशतगर्द तैयार होते देखे जा रहे हैं। स्थानीय लोगों से सरकार का संवाद नहीं बन पा रहा। वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया लंबे समय से स्थगित है। लोकसभा के चुनाव तो करा लिए गए, मगर विधानसभा के चुनाव कब होंगे, अब तक घोषणा नहीं हुई है। वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल हो, तो स्थानीय लोगों का भरोसा जीतने में कुछ मदद मिलेगी। मगर यह तभी संभव होगा, जब सरकार अपने राजनीतिक नफे-नुकसान के गणित से ऊपर उठ कर प्रयास करे।




(ऋग्वेद.१.१.९.)

**सचस्वा नः स्वस्तये।।**

*अर्थात् : हे प्रभो! आप हमें इहलौकिक और पारलौकिक कल्याण के साथ संयुक्त कीजिए।*




### Health is Wealth

# दही का प्रयोग कैसे करें

आजकल स्टाइल, फैशन और दिखावे के चक्कर में हम होटल और रेस्टोरेंट में जाकर अपनी ओपेनिंग या भोजन की शुरुआत लिम्का से करते हैं फिर क्लोजिंग नींबू से कटोरी में हाथ धोते हैं, क्यों है न..??

जब की निंबू का प्रयोग सभी खाने के खाद्य पदार्थों में करना चाहिए, और हम सिर्फ हाथ धोने में करते हैं और लिम्का में हानिकारक केमिकल और HIGH शुगर होते हैं, जो की शरीर में जाकर नुकसान करता है

चलिये अब मैं कहता हूं ऐसे फैशन की ऐसी की तैसी..

तो मेरे प्यारे प्रकृति प्रेमियों, अब आते है, दही को किस प्रकार से सेवन करना चाहिए, तो दही में नमक डाल कर कतई ना खाये...

क्यों...????

कभी भी आप दही को नमक के साथ मत खायें।

दही को अगर खाना ही है, तो हमेंशा दही को मीठी चीजों के साथ खायें, जैसे कि, चीनी के साथ, गुड़ के साथ, शक्कर, बूरे के साथ वगैरह।

इस क्रिया को और बेहतर से समझनें के लिए आपको बाजार जाकर किसी भी साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट की दूकान पर जाना होगा, और वहां से आपको एक थोड़ा पॉवरफुल लेंस को खरीदना होगा।

अब अगर आप दही को इस लेंस से देखेंगे तो आपको बहुत छोटे छोटे हजारों की संख्या में बैक्टीरिया नज़र आयेंगे।

ये बैक्टीरिया जीवित अवस्था में आपको इधर उधर चलते फिरते नजर आयेंगे।

इन्हीं बैक्टीरिया को जीवित अवस्था में ही हमारे शरीर में जानें चाहिए, क्योंकि, जब हम दही खाते हैं तो हमारे अंदर एंजाइम प्रोसेसिंग होती है।



हम दही केवल बैक्टीरिया के लिए खाते हैं।

दही को आयुर्वेद की भाषा में फ्रेंडली जीवाणुओं का घर माना जाता है।

अगर एक कप दही में आप जीवाणुओं की गिनती करेंगे तो करोड़ों जीवाणु नजर आयेंगे।

अगर आप मीठा दही खायेंगे तो ये बैक्टीरिया आपके लिए काफ़ी फायदेमंद साबित होंगे।

वहीं अगर आप दही में एक छोटी चुटकी नमक भी मिला लें तो सेकण्डों में सारे के सारे बैक्टीरिया मर जायेंगे

और उनकी लाश ही हमारे अंदर जाएगी जो कि, किसी काम नहीं आयेगी।

अगर आप 100 किलो दही में एक चुटकी नामक डाल देते हैं तो दही के सारे बैक्टीरियल गुण खत्म हो जायेंगे क्योंकि, नमक में जो केमिकल्स है वह जीवाणुओं के दुश्मन हैं।

आयुर्वेद में कहा गया है कि, दही में ऐसी चीज मिलाएं, जो कि, जीवाणुओं को बढ़ाये ना कि, उन्हें मारे या खत्म करे।

दही को गुड़ के साथ खाइये, गुड़ डालते ही जीवाणुओं की संख्या मल्टीप्लाई हो जाती है और वह एक करोड़ से दो करोड़ हो जाते है थोड़ी देर गुड़ मिला कर रख दीजिए।

बूरा डालकर भी दही में जीवाणुओं की ग्रोथ कई गुना ज्यादा हो जाती है।

मिश्री को अगर दही में डाला जाये तो ये सोने पर सुहागे का काम करेगी।

भगवान श्री कृष्ण भी दही को मिश्री के साथ ही खाते थे।

पुराने समय के लोग अक्सर दही में गुड़ डाल कर दिया करते थे।

अभी भी समय है अपनी गलतियों को सुधारने का और सेहत को बनाने का।

New Delhi

# उत्तराखंड समेत पांच राज्यों में आज बारिश का ऑरेंज अलर्ट; हिमाचल में एक की मौत, 100 सड़के बंद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मानसूनी बारिश और उसके चलते भूस्खलन से पहाड़ी राज्यों की दुस्वारियां कम नहीं हो रहीं। सोमवार को हिमाचल प्रदेश में मणिमहेश से आ रहे श्रद्धालुओं का एक दल भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई। राज्य में जगह-जगह पहाड़ के टूट के गिरने से 100 से अधिक सड़कें बंद हैं। उत्तराखंड में भी कुछ ऐसा ही हाल है और भूस्खलन के चलते बदरीनाथ हाईवे पर वाहनों की आवाजाही करीब चार घंटे तक बाधित रही। मैदानी राज्यों में भी लोगों को जलभराव की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड समेत पांच राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश में मंगलवार के लिए बारिश



का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जबकि अन्य कई राज्यों के लिए यलो अलर्ट है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दक्षिण बांग्लादेश के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना है और इसके प्रभाव से अगले 3 दिनों के दौरान पूर्वी और पूर्व-मध्य भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा, अगले 2-3 दिनों के दौरान केरल, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में मंगलवार को भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हुई।

New Delhi

## हाथ में कैनुला लगा चढ़ा लिया जहर! दिल्ली की पीजी में नर्सिंग स्टूडेंट ने की खुदकुशी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्वी दिल्ली के अशोक नगर में 22 साल की नर्सिंग छात्रा अपने कमरे में मृत मिली। पुलिस को शक है कि महिला ने आत्महत्या की है। घटना 18 अगस्त की है। पुलिस को एक पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली की एक युवती पीजी के कमरे में बेहोश पड़ी है और कमरा अंदर से बंद है। तुरंत हरकत में आई पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने दरवाजा खोला। अंदर एंट्री करते ही पुलिस को लड़की के हाथ में कैनुला लगा मिली और वह कोई हरकत नहीं कर रही थी। वहीं पंखे के सहारे दो ड्रिप लटकी हुई थीं।

इसके बाद सेंट्रलाइज्ड एक्सीडेंट एंड ट्रॉमा सर्विसेज (कैट्स) को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने चेक करने के बाद लड़की को मृत घोषित कर दिया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बारे में लड़की के परिजनों को सूचित कर दिया गया। पुलिस ने लड़की का मोबाइल जब्त कर लिया है और उसकी गहन जांच की जाएगी। माना जा रहा है कि इससे हत्या के कारणों का पता चल सकता है।

दूसरे मामले में दिल्ली एम्स के एक डॉक्टर अपने दक्षिणी दिल्ली स्थित घर में मृत मिले। पुलिस को यह आत्महत्या लग रही है। मृतक एम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में काम करते थे और खौफनाक परिस्थितियों में अपनी जान ले ली।

Chhattisgarh

## खिलौने को लेकर दो बच्चियों में हुई लड़ाई, गुस्साए पिता ने पीट-पीट कर ली जान, दूसरी अस्पताल में भर्ती

**जांजगीर-चंपा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। खिलौने को लेकर दो छोटी बहनों में झगड़ा होने पर दोनों को इस कदर पीटा की एक बच्ची की मौत हो गई जबकि दूसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि खिलौनों को लेकर अपनी 6 साल की बेटी और उसकी बड़ी बहन के बीच झगड़े के बाद गुस्साए पिता ने पीट-पीटकर हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है. अधिकारी ने कहा कि मृतक और उसकी 8 साल की बहन शनिवार को खिलौनों को लेकर झगड़ रही थीं और बहस कर रही थीं, तभी गुस्साए दिशान उर्फसलमान ने उन्हें लकड़ी के डंडे से मारना शुरू कर दिया. उन्होंने कहा, 'जब वह रात के खाने के लिए अपनी बेटियों को जगाने गया, तो बड़ी बहन दर्द से कराह रही थी, जबकि छोटी बहन बेसुध पड़ी थी. वह दोनों को पास के अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने छोटी बच्ची को मृत घोषित कर दिया और बड़ी बेटी है इलाज चल रहा है.'

Maharashtra

## चौकी में पुलिसकर्मियों का जुआ खेलते वीडियो वायरल, 2 सस्पेंड

**नागपुर, (एजेंसी)** नागपुर में पुलिस चौकी के अंदर दो पुलिसकर्मियों का जुआ खेलने और धूम्रपान करने का वीडियो वायरल हुआ था. जिसके बाद यह वीडियो चर्चा का विषय बन गया था. लोगों ने वीडियो के आधार पर दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की थी. साथ ही लोगों ने पुलिस पर सवाल भी उठाया था. वहीं, अब दोनों को निलंबित कर दिया गया है.

दोनों पुलिसकर्मियों पर यह कार्रवाई वीडियो के आधार पर की गई है. इसको लेकर एक बयान भी जारी किया गया है. इस संबंध में एक न्यूज एजेंसी को जानकारी देते एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (जोन-5) निकेतन कदम ने ओल्ड काम्पटी रोड स्थित कलमना पुलिस चौकी में मनोज घाडगे और भूषण साकडे के दुर्व्यवहार




के बारे में जानकारी मिलने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया है.

अधिकारी ने बताया कि वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी चौकी के अंदर जुआ खेलते हुए दिख रहे थे. जिनमें से एक वर्दी में धूम्रपान कर रहा था.हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि दोनों पुलिसकर्मियों का वीडियो किसने बनाया?

खेल

### विनेश फोगाट मामले पर आया खेल पंचाट का बयान, कहा-

# वजन बनाए रखने की जिम्मेदारी खिलाड़ी की..

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को फाइनल से पहले अयोग्य करार दिया गया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में महिला 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में जगह बनाई थी, लेकि स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले ही उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक आया था। इसकी वजह से उन्हें अयोग्य करार दिया गया। इसके खिलाफ विनेश ने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रजत पदक देने की अपील की थी, जिसे सीएएस ने खारिज कर दिया। इस मुद्दे पर कोर्ट ने कहा कि वजन बनाए रखने की जिम्मेदारी खिलाड़ी की होती है।**

पेरिस ओलंपिक में फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ पहलवान विनेश फोगाट की अपील पर खेल पंचाट (सीएएस) ने कहा कि




खिलाड़ियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने वजन की सीमा के अंदर रहें और इस तरह के मामले में किसी भी परिस्थिति में कोई अपवाद प्रदान नहीं किया जा सकता है। पंचाट ने हालांकि माना कि स्पर्धा के दूसरे दिन वजन में विफल होना किसी खिलाड़ी के लिए काफी कठोर है। खेल पंचाट की ओर से सोमवार को जारी आदेश के मुताबिक - इस मामले की सुनवाई करने वाली एकल पीठ ने निष्कर्ष निकाला है कि आवेदक ने अपनी मर्जी से 50 किलोग्राम कुश्ती वर्ग में प्रवेश किया था और वह अच्छी तरह से जानती थी कि प्रतियोगिता के लिए उसे 50 किलोग्राम से कम वजन बनाए रखना होगा। इसके मुताबिक - नियमों के अनुच्छेद सात में यह स्पष्ट है कि प्रत्येक प्रतियोगी को अपनी स्वतंत्र इच्छा से भाग लेने वाला माना जाता है और वह स्वयं के लिए जिम्मेदार है। वह केवल एक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है, जो कि उस समय के वजन के अनुरूप है। यूनाइटेड विश्व रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के नियमों के मुताबिक रैंकिंग सीरीज जैसी कुछ स्पर्धाओं में दो किलो वजन की छूट दी जाती है लेकिन ओलंपिक में ऐसी कोई छूट नहीं है। विनेश ओलंपिक फाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई थीं लेकिन उनकी अयोग्यता ने कुश्ती जगत में हलचल मचा दी थी। इसमें आगे कहा गया - आवेदक एक अनुभवी पहलवान है जिसने पहले नियमों के तहत प्रतिस्पर्धा की थी। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि वह वजन संबंधी आवश्यकताओं को नहीं समझती थी। उसने स्वेच्छा से 50 किलोग्राम वर्ग में प्रवेश किया और उस वजन सीमा को बनाये रखने का एक नियम है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने खेल पंचाट के विनेश फोगाट की यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के खिलाफ की गई अपील को खारिज करने पर निराशा व्यक्त की थी और इस फैसले के खिलाफ कानूनी विकल्प पर विचार करने की भी बात कही थी।

सिनेमा

## 'मैं जिंदा हूं', श्रेयस तलपड़े की मौत की उड़ी अफवाह, परेशान हुआ परिवार, हेटर्स से बोले- प्लीज बंद करो



बॉलीवुड एक्टर श्रेयस तलपड़े को लेकर एक शॉकिंग खबर सुनने को मिल रही थी. इंटरनेट पर वायरल खबरों में दावा था कि उनका निधन हो गया है. इन झूठी अफवाहों पर एक्टर ने स्ट्रॉन्गली रिएक्ट किया है. श्रेयस ने इंस्टाग्राम पर लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर कर बताया कि वो जिंदा हैं. उनकी मौत को लेकर उड़ रही खबरें गलत हैं.

अपनी पोस्ट में एक्टर ने लिखा- मैं सभी को ये आश्वासन देना चाहता हूं कि मैं जिंदा हूं, खुश और हेल्दी हूं. मुझे एक पोस्ट के बारे में पता चला जिसमें दावा था कि मैं मर चुका हूं. मैं जानता हूं मजाक अपनी जगह है, लेकिन जब इसका गलत इस्तेमाल होता है तब ये सचमुच में नुकसान भी पहुंचाता है. किसी ने इसे बतौर जोक शुरू किया होगा, पर अब इससे अनावश्यक परेशानी पैदा हो रही है. जो लोग खासतौर पर मेरे परिवारवाले, जिन्हें मेरी परवाह है, उनके इमोशंस के साथ ये खिलवाड़ है.

मेरी छोटी बेटी, जो हर दिन स्कूल जाती है, वो पहले से मेरी हेल्थ को लेकर परेशान रहती है, वो मुझसे लगातार सवाल करती है. मेरी हेल्थ को लेकर आश्वासन मांगती है. इस गलत खबर ने उसके डर को और बढ़ा दिया है. वे अपने स्कूल टीचर्स और दोस्तों से और सवाल करने लगी है.

## Highlights

1. **Airports in India, borders on alert as global mpox cases rise**
2. **Manmohan Singh also an example of lateral entry: Meghwal on Rahul's remark**
3. **He caused my pregnant daughter's miscarriage: Kolkata rape accused's mother-in-law**
4. **BJP MLA Hans Raj booked for allegedly demanding woman's nude pics**
5. **Man sings 'Tadap Tadap' song in front of Ola Electric showroom over after-sales services**

# India aims to expand scope of ESG debt after surpassing 2021 issuance record

**NEW DEIHI, (Agency).** India's market regulator intends to expand the scope of its sustainable finance framework to include more products, a potential boost to ESG-labeled instruments in Asia.

The Securities and Exchange Board of India will consult on introducing social bonds, along with sustainable and sustainability-linked bonds, to the current suite of environmental, social and governance debt.

Plans also include adding eligible asset-backed securities and a requirement for independent external reviews of all ESG debt, according to a consultation paper released Friday.

"The proposal is a positive move for the market," said Xuan Sheng Ou Yong, sustainable fixed income lead for Asia Pacific at BNP Paribas Asset Management in Singapore. "It means we may have different opportunities to direct fixed income capital towards new issuers and their projects, beyond green bonds." India's issuance of ESG debt this year has touched $15.6 billion, surpassing a previous annual record in 2021, according to data compiled by Bloomberg Intelligence. However, the volume remains lower than other key markets in Asia, including China and Japan.




An existing regulatory framework covers products that raise proceeds for use only in relation to environmental sustainability — such as renewable energy or water management — meaning the proposed changes will allow issuers to seek debt for a broader range of activities, Sebi said in its document. The regulator will continue its consultation to Sept. 6. A stronger market in India for ESG debt would support Prime Minister Narendra Modi's wider focus on green growth. It would also help counteract a slowdown in Chinese issuances that's weighing on the global market.

# Investors profited hugely from catastrophe bonds, raising eyebrows: Find out more

**NEW DEIHI, (Agency).** A strategy that's delivered specialist investors huge returns is now facing scrutiny, amid concerns that its risk-reward dynamics might be skewed against some issuers.

Catastrophe bonds, which are issued by insurers, reinsurers and governments seeking an extra layer of disaster coverage, have been handing investors double-digit returns. Issuers, meanwhile, have seen their costs soar.



Grievances surfaced in July, after it emerged that Jamaica's catastrophe bond wasn't triggered by the devastation wrought by hurricane Beryl. Though the entire Caribbean island was officially declared a disaster area, the carefully calibrated terms of the bond meant its holders were shielded from losses. In the event, it was decided that the precise level of air pressure required for a payout wasn't achieved.

For cat bond investors — who are currently reaping an average return of around 15% after raking in 20% in 2023 — the outcome in Jamaica underpins the appeal of a strategy that's attracted some of the brightest minds in finance. For others, it's set off a difficult debate.

# होस्टल में पुलिस की सर्चिंग,नशे में मिले छात्र

## ड्रग सप्लायरों की लिंक खगालने में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नशे के खिलाफ चल रहे पुलिस के अभियान में एक और प्रहार करते हुए गुप्त सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अफसरों ने भवरकुआं थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे होस्टलों की सर्चिंग की। इस दौरान कुछ होस्टल में छात्र नशे मे मिले। उन्हें पुलिस अफसरों ने हिदायत देते हुए उनके परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें उनके ब'ों द्वारा नशा करने के संबंध में सूचना दी वहीं होस्टल संचालकों को फटकार लगाई कि यदि छात्र नशा करते हैं तो उन्हें ना सिर्फ रोंके बल्कि उन्हें नशे का सामान पहुंचाने वालों की सूचना भी पुलिस को दें।

डीसीपी जोन-4 त्रषिकेश मीणा के नेतृत्व में इन दिनों एडिशनल डीसीपी आनंद यादव,सभी एसीपी और थाना प्रभारी नशे के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री करने वालों की धरपकड़ कर रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने एक और कदम आगे बढाया और पुलिस की मुहिम भवरकुंआ थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे होस्टलों तक जा पहुंची। एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि लंबे समय से गुप्त सूचना मिल रही थी कि भवरकुंआ थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेडलर नशे का सामान बेचते हैं और उनके टारगेट पर इन होस्टलों में रहकर पढाई करने वाले छात्र रहते हैं। वे उन्हें नशे का आदी बना रहे हैं। साथ ही नशे की लत को पूरा करने के लिए कुछ छात्र भी अब नशे की पुडिय़ा होस्टलों में सप्लाई कर रहे हैं। इस पर एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में टीमें बनाई गई। टीमें थाना प्रभारी राजकुमार यादव, एसआई व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। अलग अलग टीमें बनाकर सोमवार को भवरकुआं थाना क्षेत्र के होस्टलों में सर्चिंग की गई। एडिशनल डीसीपी का कहना है कि इस दौरान आठ होस्टल में टीमों ने सर्चिंग की इस दौरान कई छात्र वहां नशे की हालत में मिले। कई तो पलंग से उठ भी नहीं पा रहे थे। नशा करने वाले छात्रों को परिजनों से एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने स्वंय चर्चा की और उन्हें बताया कि उनका बेटा पढाई नहीं बल्कि इंदौर में रहकर नशा कर रहा है। परिजनों से बात करने के साथ ही अफसरों ने छात्रों को लताड़ भी लगाई। वहीं होस्टल संचालकों को भी फटकारा और उन्हें हिदायत दी कि यदि उनका कंही भी कोई इनवालमेंट मिला तो कड़ी कार्रवाई की जाऐगी।

एडिशनल डीसीपी आनंद यादव का कहना है कि छात्रों को गांजा,अफीम,चरस और अन्य मादक पदार्थ की सप्लाई करने वाले पैडलरों की कुंडली खगाल रहे हैं। इसके लिए मुखबिर तंत्र को लगाया गया है। पूर्व में भी कुछ पेडलरों को पकड़ा गया था जो भवरकुआं थाना क्षेत्र में छात्रों को मादक पदार्थ सप्लाई करते थे। एडीसीपी का कहना है कि सतत होस्टल की निगरानी की जाऐगी ताकि युवा पीढी को नशे के चंगुल से बचाया जा सके।

## अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

इंदौर। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक के साथ भी धोखाधड़ी की घटना हुई है। साइबर सेल को मामले की शिकायत हुई है। एडीसीपी के मुताबिक तन्मय सोनवानिया के पास मार्च माह में इंस्टाग्राम पर एक लिंक आई थी। इसके बाद कॉल आया और कहा कि दो हजार रुपये का पर्सनल लोन स्वीकृत हो चुका है। तन्मय ने दो हजार रुपये सात दिन में चुका दिए। आरोपित बगैर बताए लोन देते गए और तन्मय चुकाता गया। आखिर में वीएम लोन एप इंस्टॉल करवा दी। तन्मय से अलग अलग तरीकों से डेढ़ लाख रुपये ले लिए। आरोपितों ने 15 दिन पुनः कॉल किया और कहा छह लोन और बकाया है। तीन लाख रुपये की मांग की गई। तन्मय द्वारा इनकार करने पर उसके अश्लील फोटो बहुप्रसारित करने की धमकी दी। एडीसीपी के मुताबिक तन्मय से पेटीएम के माध्यम से रुपये लेते थे और किराना दुकान व अन्य जगहों पर ट्रांसफर करवाया गया था।

## ड्रग पेडलर पकड़ाया, 78 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने ड्रग पेडलर को गिर तार कर उसके कब्जे से 78 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत लगभग दो लाख रूपए बताई जा रही है।**

डीसीपी जोन-4 त्रषिकेश मीणा के निर्देशत पर सतत मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया कि जूनी इंदौर एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राज कमल टावर में रहने वाला श स लोगों को ब्राउन शुगर की सप्लाई करता है। इस पर उन्होंने रावजी बाजार थाना प्रभारी आमोद सिंह राठौर को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। इस पर टीआई राठौर अपनी टीम के साथ बताए गए लैट पर पहुंचे और वहां से गौरव पिता गणपत राव निवासी राजकमल टावर को गिर तार कर उसके लैट की तलाशी ली तो वहां से पुलिस टीम को 78 ग्राम ब्राउन शुगर मिली जिसे उसने अलमारी के अंदर टिफिन में छुपा रखा था। पुलिस ने गिर त में आए बदमाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजे के साथ पकड़ाया

एडिशनल डीसीपी आनंद यादव ने बताया पंढरीनाथ पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ा जिसके कब्जे से करीब 196 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पंढरीनाथ टीआई कपिल कुमार शर्मा की टीम ने इमरान पिता आबिद खान निवासी कबूतर खाना को पकड़ा जो क्षेत्र की दरगाह के पास गांजे की डिलेवरी देने के लिए खड़ा था। उससे गांजा जब्त कर उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## निजी कंपनी कर्मचारी का मोबाइल लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी में बदमाशों ने एक निजी कंपनी में जॉब करने वाले युवक का मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों पर लूट की धारा में केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है। लूट को लेकर संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। एमआईजी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यश गांगरा ने बताया कि वह निजी कंपनी में काम करता है। शनिवार की रात रविवार की रात 10 बजे वह अपने घर से खाना खाकर निकला ओर टहल रहा था। इस दौरान दोस्त सुधांशु का कॉल आ गया ओर उससे बात कर रहा था। वह बात करते हुए अनूप नगर कंचन अपार्टमैंट के यहां पहुंचा तो बाइक पर दो लड़के पीछे से आए। आरोपियों ने हाथ से मोबाइल पर झपट्टा मारा और बाइक लेकर फरार हो गए। वहां पर आरोपियों के पीछे दौडा। लेकिन आरोपी हाथ नही आए। बाद में एक राहगीर की बाइक से भी आरोपियों का पीछा किया। लेकिन कोई जानकारी हाथ नही लगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक